**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**22.10.2025/प्रादेशिक समाचार/9.20 बजे**

## वीरता प्रशस्तिपत्र

केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर सहित विभिन्न अभियानों के दौरान अदम्य साहसिक कार्यों के लिए रक्षा कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रशस्ति पत्र प्रदान करने लिए राजपत्र अधिसूचना जारी की है। राजपत्र में शामिल प्रशस्ति पत्र वायु सेना और थल सेना के कर्मियों के लिए हैं। इन प्रशस्ति पत्रों में कर्नल कोषांक लांबा और लेफ्टिनेंट कर्नल सुशील बिष्ट जैसे वीरों के नाम शामिल हैं। इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सशस्त्रबलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मियों के लिए 127 वीरता पुरस्कारों और 40 विशिष्ट सेवा पुरस्कारों को मंजूरी दी थी।

## दुर्घटनाएं

शिमला जिला के रोहड़ू के गांवणा गांव में देर शाम आगजनी की एक घटना में दो मकान पूरी तरह जल गए। हमारे ज़िला संवाद्दाता के अनुसार इस घटना में लाखों रूपये के नुकसान का अनुमान है और आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

इधर चंबा जिला के जरासू जोत में भेड़ पालकों पर बर्फबारी आफत बन कर सामने आई है। हमारे जिला संवाद्दाता के अनुसार यहां हिमखंड गिरने से करीब अढ़ाई सौ भेड़ बकरियों की मौत हो गई हैं। जबकि कांगड़ा जिला के दोनो भेड़पालक सुरक्षित बताये जा रहे है। घटना की सूचना मिलते ही जिला की नयाग्रां पंचायत से एक रैस्क्यू टीम जरासू जोत के लिए रवाना हुई जिसमें बची हुई भेड़ बकरियों सहित दोनो भेड़ पालकों को सुरक्षित होली तक पहुंचाया गया।

## गोवर्धन पूजा

आज देश व प्रदेश में गोवर्धन पूजा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह भगवान कृष्ण की वर्षा के देवता इंद्र पर विजय के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। एक अनुष्ठान के रूप में, घर के प्रवेश द्वार के बाहर गाय के गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाया जाता है और लोग इस दिन गौ माता की पूजा करते हैं।

## अन्न कूट पर्व

इस बीच कुल्लू में आज अन्नकूट पर्व पारम्परिक रिती रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। अन्य स्थानो पर इस पर्व को गोवर्धन पूजा के रूप में मनाया जाता है। अधिक ब्योरा हमारे कुल्लू जिला सम्वाद्दाता से

## गिरी पार दिवाली

सिरमौर जिले के दुर्गम गिरीपार क्षेत्र में बीते कल दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए आज सुबह करीब 4 बजे मंदिर परिसर से मशाल यात्रा शुरू हुई जो पूरी गांव की परिक्रमा करती है। खास बात ये है कि इस मशाल यात्रा में पुरूष वर्ग ही हिस्सा लेता है। गौरतलब है कि सदियों से चली आ रही परम्परा को निभाते हुए गिरीपार क्षेत्र के लोग मशाल यात्रा में देवी–देवताओं से सुख समृद्धि की कामना करते हैं।

## जीएसटी सुधार–फुटवियर

जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणाकरते हुए 22 सितंबर को इसकी शुरूआत की। आज इस श्रृंखला में पेश है देश के जूते और परिधान क्षेत्र को मज़बूत बनाने में जीएसटी सुधारों के प्रभावों पर एक रिपोर्ट–

## सुर्खियों समाचार पत्रों से...

- पंजाब केसरी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**अनाथ बच्चों की उच्च व व्यवसायिक शिक्षा का खर्च भी उठाएगी सरकार।**

- **धारा 118 की बंदिशें आसान करेगी सरकार** शीर्षक से दिव्य हिमाचल ने खबर को प्रमुखमता दी है।

- दैनिक जागरण की एक खबर है–**आपदा पर विशेष राहत का खाका तैयार, मंडी से होगी शुरूआत।**

- अमर उजाला की सुर्खी है–**हिमाचल में दिवाली पर होटल, दुकानें 18 घर जले, करोड़ों की संपत्ति खाक।**

- मौसम पर दैनिक भास्कर के शब्द हैं– **रोहतांग समेत लाहौल की उंची चोटियों पर बर्फबारी,4 डिग्री तक गिरा तामपान।**